तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 23.0° | 30.0° |
| इंदौर | 21.0° | 33.0° |
| जबलपुर | 24.0° | 31.0° |
| ग्वालियर | 24.0° | 34.0° |
| सागर | 23.0° | 30.0° |

# नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपाल: वर्ष 41 अंक 296, पृष्ठ 12)
भाद्रपक्ष, शुक्ल त्रयोदशी संवत् 2083
गुरूवार, 24 सितम्बर 2026
कीमत: 3:00 रुपये

www.naidunialive.com | भोपाल संस्करण | भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित




**राजधानी...** आयुर्वेद रोग से बचाव की जीवन पद्धतिः डॉ. यादव


**खेल...** एशियाई खेल : भारतीय महिला कबड्डी टीम ने ईरान को ...


**व्यापार...** चेन्नई के अलावा ज्यादातर सर्राफा बाजार में ....


**देश-विदेश...** न्यूयार्क पहुंचे ईरान के राष्ट्रपति, समझौता ...


भाजपा ने 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रभारी बदले

# स्मृति-राम को दो-दो राज्यों की जिम्मेदारी




**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन स्तर पर बड़ा फेरबदल करते हुए बुधवार को कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए प्रभारी और सह-प्रभारी नियुक्त किए हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की ओर से की गई इन नियुक्तियों में कई वरिष्ठ नेताओं को एक से अधिक राज्यों की जिम्मेदारी दी गई है। छह नेताओं को दो-दो राज्यों का प्रभार सौंपा गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को छत्तीसगढ़ और हरियाणा का प्रभारी बनाया गया है। राम माधव को तमिलनाडु और उत्तराखंड की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं सुनील बंसल को तेलंगाना और पश्चिम बंगाल का प्रभारी नियुक्त किया गया है। हरीश द्विवेदी को बिहार और कर्नाटक का प्रभार सौंपा गया है। इसके अलावा सतीश पूनिया को जम्मू-कश्मीर और पंजाब की जिम्मेदारी दी गई है। महाराष्ट्र में बैजयंत जय पांडा को प्रभारी बनाया गया है। उनके साथ अमित मालवीय, सदानंद शेट तानावडे और कमलजीत सहरावत को सह-प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। उत्तर प्रदेश का प्रभार विनोद तावड़े को सौंपा गया है, जबकि उनके साथ जगदीश पटेल, मेधा कुलकर्णी, प्रदीप वर्मा और अनंत ओझा सह-प्रभारी के तौर पर काम करेंगे।

## मध्यप्रदेश में बिप्लब कुमार देब बने प्रभारी रेखा वर्मा को सह-प्रभारी की जिम्मेदारी




*मध्य प्रदेश में बिप्लब कुमार देब को प्रभारी और रेखा वर्मा को सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। राजस्थान में संजय भाटिया प्रभारी होंगे, जबकि कविता पाटीदार और कुलजीत चहल सह-प्रभारी बनाए गए हैं। झारखंड में गजेंद्र पटेल को प्रभारी बनाया गया है और सौरभ सिंह तथा निवेदिता सिंह सह-प्रभारी होंगे। छत्तीसगढ़ में स्मृति ईरानी के साथ सिद्धार्थ शंभू सह-प्रभारी होंगे, जबकि हरियाणा में उनके साथ भोला सिंह को जिम्मेदारी दी गई है। हिमाचल प्रदेश में श्रीकांत शर्मा प्रभारी और दर्शना सिंह सह-प्रभारी होंगी। उत्तराखंड में राम माधव के साथ अरविंद मेनन और बांसुरी स्वराज सह-प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। दक्षिण भारत में भी संगठनात्मक जिम्मेदारियों में बदलाव किया गया है। तमिलनाडु में राम माधव के साथ निर्मल कुमार सुराना और डीके अरुणा को सह-प्रभारी बनाया गया है। तेलंगाना में सुनील बंसल के साथ अभय पाटिल और रेखा शर्मा सह-प्रभारी होंगे। कर्नाटक में हरीश द्विवेदी के साथ डॉ. कासम वेंकटेश्वरलु को जिम्मेदारी दी गई है। भाजपा ने 2027 में विधानसभा चुनाव वाले राज्यों के लिए भी संगठनात्मक टीमों का पुनर्गठन किया है। इन राज्यों में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा, मणिपुर, गुजरात और हिमाचल प्रदेश शामिल हैं। पार्टी की ओर से जारी नई नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी।*

### बृज गोपाल लोया बने भाजपा के नए प्रदेश मीडिया प्रभारी



*मध्य प्रदेश भाजपा ने प्रदेश की मीडिया टीम में बदलाव करते हुए बृज गोपाल लोया को नया प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल की सहमति के बाद यह नियुक्ति की गई। लोया अब प्रदेश स्तर पर पार्टी की मीडिया गतिविधियों, मीडिया समन्वय और संगठन का आधिकारिक पक्ष मीडिया तक पहुंचाने की जिम्मेदारी संभालेंगे। आशीष अग्रवाल के भाजपा की केंद्रीय टीम में राष्ट्रीय मीडिया संयोजक की जिम्मेदारी मिलने के बाद प्रदेश मीडिया प्रभारी का पद खाली हुआ था।*

### आशीष 37 दिन पूर्व बने थे राष्ट्रीय मीडिया सह-संयोजक



*मध्य प्रदेश भाजपा के मीडिया विभाग में लंबे समय तक सफलतापूर्वक जिम्मेदारी संभाल चुके आशीष ऊषा अग्रवाल को पार्टी ने राष्ट्रीय मीडिया संयोजक नियुक्त किया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की ओर से 23 सितंबर को किए गए संगठनात्मक बदलाव में यह नियुक्ति की गई। इसके साथ ही अनिल बलूनी को संचार विभाग का समन्वयक बनाया गया है। ग्वालियर से भाजपा संगठन में सक्रिय राजनीति शुरू करने वाले आशीष अग्रवाल का सफर करीब 16 वर्षों में प्रदेश से राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचा है। राजनीति में आने से पहले उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र में काम किया। वर्ष 2003 से 2010 तक वे आईसीआईसीआई बैंक और उसके समूह में विभिन्न पदों पर रहे। वर्ष 2010 में वे भाजपा की संगठनात्मक गतिविधियों से जुड़ गए। 17 अगस्त 2026 को भाजपा की राष्ट्रीय टीम में आशीष अग्रवाल को राष्ट्रीय मीडिया सह-संयोजक बनाया गया था। उस समय प्रदीप भंडारी और सिद्धार्थ यादव को भी सह-संयोजक की जिम्मेदारी दी गई थी।*

पीएम की अध्यक्षता में दो दिवसीय चिंतन शिविर

# कामकाज और विकसित भारत 2047 पर मंथन



**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रियों का दो दिवसीय चिंतन शिविर बुधवार से शुरू हो गया। 23 और 24 सितंबर को आयोजित इस बैठक में सरकार के कामकाज की समीक्षा के साथ विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को लेकर आगे की प्राथमिकताओं पर चर्चा होगी। बैठक में मंत्रालयों के बीच बेहतर समन्वय, शासन व्यवस्था और नीतियों के क्रियान्वयन से जुड़े विषयों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक की तैयारी के लिए मंत्रियों को अलग-अलग समूहों में बांटा गया है। संबंधित मंत्रालयों के मंत्रियों को एक साथ रखकर विभिन्न विषयों पर चर्चा और प्रस्तुति तैयार करने को कहा गया है। इन समूहों में आपसी समन्वय और मंत्रालयों के कामकाज से जुड़े मुद्दों पर विचार किया जाएगा। मंत्रियों से अपने-अपने मंत्रालयों के कामकाज की जानकारी और अब तक की प्रगति से जुड़ी रिपोर्ट के साथ बैठक में आने को कहा गया है। इसमें पूरे हुए कार्यों, लंबित मामलों और जनकल्याणकारी योजनाओं की स्थिति पर चर्चा की जाएगी। नए विचारों और सुझावों को भी बैठक में रखा जाएगा। चिंतन शिविर में शासन व्यवस्था को बेहतर बनाने, नीतियों के क्रियान्वयन और मंत्रालयों के बीच तालमेल बढ़ाने के उपायों पर चर्चा होगी। सरकारी योजनाओं और सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने के लिए आगे की कार्ययोजना पर भी विचार किया जाएगा।

## खास-खबरें

### दिसंबर में अमेरिका जा सकते हैं पीएम मोदी

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिसंबर में अमेरिका का दौरा कर सकते हैं। वह फ्लोरिडा में 14 और 15 दिसंबर को होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल हो सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस सम्मेलन की मेजबानी करेंगे। हालांकि, भारत सरकार ने प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा को लेकर अभी औपचारिक घोषणा नहीं की है। ताजा रिपोर्टों के अनुसार, यात्रा तय होने पर जी20 सम्मेलन से इतर मोदी और ट्रंप के बीच द्विपक्षीय बैठक भी हो सकती है।

### नंदीग्राम उपचुनाव में 'रथ' की उम्र पर सवाल

**नईदुनिया ब्यूरो, कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की नंदीग्राम विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी हसीरानी रथ के चुनावी हलफनामे में दी गई जानकारी को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि हसीरानी रथ ने नामांकन पत्र में अपनी उम्र से जुड़ी गलत जानकारी दी है। पार्टी ने इस आधार पर उनका नामांकन रद्द करने की मांग की है। हसीरानी रथ ने अपने चुनावी हलफनामे में जन्मतिथि का उल्लेख नहीं ि
कया है।

### पन्ना कलेक्टर उषा परमार के खिलाफ गैर जमानती वारंट

**नईदुनिया प्रतिनिधि, जबलपुर :** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की जबलपुर पीठ ने पन्ना कलेक्टर उषा परमार के खिलाफ गैर जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया है।
नियमितीकरण से जुड़े एक मामले में अदालत के पूर्व आदेश का पालन नहीं होने और सुनवाई के दौरान कलेक्टर की अनुपस्थिति के बाद हाई कोर्ट ने यह कार्रवाई की। न्यायमूर्ति विवेक जैन की एकल पीठ ने पन्ना पुलिस अधीक्षक को वारंट की तामील कराने और कलेक्टर को अगली सुनवाई में अदालत के समक्ष पेश करने के निर्देश दिए हैं।

### छात्र आखिरी कॉल में प्रेमिका से बोला- मुझसे गलती हो गई

**मुंबई।** आईआईटी बॉम्बे के छात्र साहिल वाकोडे की हॉस्टल के कमरे में हुई मौत के मामले की मुंबई पुलिस की अपराध शाखा जांच कर रही है। जांच के दौरान सामने आया है कि 18 सितंबर को दोपहर करीब ढाई बजे साहिल ने अपनी प्रेमिका से फोन पर बात की थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह उसकी आखिरी फोन बातचीत थी। बातचीत के दौरान साहिल ने अपनी प्रेमिका से कहा था कि उससे गलती हो गई है।

# एसआईआर प्रक्रिया पर दो चुनाव आयुक्तों ने 10 महीनों में 14 बार जताई आपत्ति




**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को लेकर निर्वाचन आयोग के भीतर मतभेद सामने आने का दावा किया गया है। इंडियन एक्सप्रेस की एक पड़ताल के अनुसार, पिछले 10 महीनों में निर्वाचन आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने आयोग के कई फैसलों और आदेशों पर कम से कम 14 बार औपचारिक आपत्ति दर्ज की। दोनों आयुक्तों ने कुछ फैसलों को उनकी जानकारी या मंजूरी के बिना लिए जाने पर सवाल उठाए। रिपोर्ट के अनुसार, आपत्तियां नए मतदाताओं के पंजीकरण, मतदाता सूची से नाम हटाने और बहाल करने, अपील दायर करने की प्रक्रिया, मतदाता सूची के आंकड़ों तक पहुंच और आयोग के नाम से जारी संचार की मंजूरी से जुड़े मामलों पर थीं। नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए इस्तेमाल होने वाले प्रपत्र-6 में विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित एक नया सवाल जोड़े जाने पर भी आपत्ति दर्ज की गई। रिपोर्ट के अनुसार, विवेक जोशी ने मई में इस बदलाव पर सवाल उठाया था और सुखबीर सिंह संधू ने अगस्त में इसे अनधिकृत और कानून के अनुरूप नहीं बताते हुए हटाने की बात कही थी। दोनों आयुक्तों ने मतदाता सूची के आंकड़ों तक पहुंच को लेकर भी सवाल उठाए। रिपोर्ट में उनके हवाले से कहा गया है कि राज्य स्तर के अधिकारियों की मतदाता सूची से संबंधित प्रणाली तक पहुंच सीमित होने की आशंका जताई गई थी। विवेक जोशी ने इसे मतदाता सूची के आंकड़ों के धीरे-धीरे केंद्रीयकरण का मामला बताया और तकनीकी जांच की जरूरत बताई।

### ओमान के पास एमवी केप दाओ पर हमला, एक भारतीय की मौत; 19 नाविक बचाए गए

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** ओमान के पूर्वी तट के पास भारत आ रहे वाणिज्यिक जहाज एमवी केप दाओ पर बुधवार को हमला हुआ। विदेश मंत्रालय के अनुसार जहाज पर 20 भारतीय नाविक सवार थे, जिनमें से 19 को बचा लिया गया, जबकि एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। भारत ने घटना पर गहरी चिंता जताते हुए क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों और नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है।

विदेश मंत्रालय ने हमले की निंदा करते हुए मृत भारतीय नागरिक के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। मंत्रालय के मुताबिक ओमान स्थित भारतीय दूतावास स्थानीय अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है और बचाए गए भारतीय नाविकों की जल्द भारत वापसी के लिए समन्वय कर रहा है। ओमानी अधिकारियों के सहयोग के लिए भी भारत ने धन्यवाद दिया है।

### यूएई में कर्नाटक के व्यक्ति की हत्या, कार से मिला शव; पत्नी और बेटा लापता



**नईदुनिया ब्यूरो, उडुपीः** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के शारजाह में कर्नाटक के उडुपी जिले के रहने वाले एल्विन प्रकाश कुंदर की हत्या का मामला सामने आया है। उनका शव एक कार से बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार, शव को कई हिस्सों में काटकर दो बैग में रखा गया था। घटना के बाद से उनकी पत्नी टीना कुंदर और बेटा भी लापता बताए जा रहे हैं। शारजाह पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक के भाई अनिल प्रशांत कुंदर ने 21 सितंबर को उडुपी के पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर मामले में कार्रवाई की मांग की।

### एक नजर इधर भी

*भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन एवं राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष से पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय मीडिया संयोजक आशीष उषा अग्रवाल ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित केंद्रीय कार्यालय में सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर कम्युनिकेशन विभाग के नवनियुक्त समन्वयक अनिल बलूनी व सोशल मीडिया विभाग के संयोजक दीपक म्हस्के उपस्थित रहे।*



### दिल्ली गैंगरेप मामले के बाद एलएसआर कॉलेज में कक्षाएं ऑनलाइन

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लेडी श्रीराम कॉलेज फॉर विमेन ने सुरक्षा कारणों के चलते प्रत्यक्ष कक्षाएं बंद कर ऑनलाइन पढ़ाई शुरू कर दी। यह फैसला कालकाजी इलाके के आस्था कुंज पार्क में 17 वर्षीय किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म के आरोपों के बाद लिया गया। मंगलवार को मामले के एक आरोपित को पकड़ने की कोशिश के दौरान कॉलेज के पिछले गेट से करीब 50 मीटर दूर पुलिस की कार्रवाई हुई थी। कॉलेज प्रशासन ने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा और उनके मानसिक-सामाजिक कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

# एमक्यू-9 रीपर को बड़ा नुकसान, ईरान युद्ध में अमेरिका के दर्जनों ड्रोन और विमान हुए तबाह



**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य अभियान में अमेरिका को अपने कई विमानों और ड्रोन का नुकसान उठाना पड़ा है। इनमें एमक्यू-9 रीपर ड्रोन की संख्या सबसे अधिक बताई जा रही है। वॉशिंगटन पोस्ट ने अगस्त में अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया था कि ईरान युद्ध के दौरान कम से कम 45 एमक्यू-9 रीपर खोए गए, जो अमेरिकी बेड़े का करीब 25 प्रतिशत था। बाद की कुछ रिपोर्टों में यह संख्या 47 तक पहुंचने का दावा किया गया है। हालांकि, सभी अमेरिकी आधिकारिक रिपोर्टों में एक समान आंकड़ा उपलब्ध नहीं है।

एमक्यू-9 रीपर अमेरिकी सेना का मानवरहित निगरानी और हमला करने वाला विमान है। यह लंबे समय तक हवा में रहकर निगरानी और लक्षित हमलों में इस्तेमाल किया जाता है। रिपोर्टों के मुताबिक, युद्ध में बड़ी संख्या में रीपर नष्ट हुए। इनमें से सभी को ईरान ने मार गिराया हो, यह भी स्पष्ट नहीं है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार कुछ ड्रोन संचार संपर्क टूटने और अन्य कारणों से भी दुर्घटनाग्रस्त हुए।

अमेरिकी कांग्रेस के लिए तैयार एक रिपोर्ट के अनुसार ईरान युद्ध के दौरान कम से कम 42 अमेरिकी सैन्य विमान नष्ट या क्षतिग्रस्त हुए थे। इनमें एमक्यू-9 रीपर के अलावा एफ-15ई लड़ाकू विमान और अन्य सैन्य विमान शामिल थे। रिपोर्ट ने यह भी कहा था कि नुकसान के आंकड़ों में बाद में बदलाव संभव है। ईरान युद्ध में भारी नुकसान के बाद अमेरिकी वायुसेना ने रीपर के भविष्य और उसके विकल्प पर काम तेज कर दिया है। सितंबर की रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिकी वायुसेना एमक्यू-9 के नुकसान के बाद इसके स्थान पर कम लागत वाले और अधिक सक्षम मानवरहित विमानों की दिशा में अपनी योजना को तेज कर रही है।

अमेरिकी विमानों के नुकसान में युद्ध के दौरान मार गिराए गए विमान, जमीन पर नष्ट हुए विमान और दुर्घटनाग्रस्त विमान शामिल हो सकते हैं। कांग्रेस की रिपोर्ट ने भी कहा था कि वर्गीकृत जानकारी, जारी सैन्य गतिविधियों और नुकसान के कारणों की पुष्टि के चलते आंकड़ों में बदलाव संभव है।

# रविवार 27 सितंबर को खुलेंगे सरकारी बैंक




**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** देशभर में 28 से 30 सितंबर तक प्रस्तावित तीन दिवसीय बैंक हड़ताल को देखते हुए रविवार 27 सितंबर को सभी सरकारी बैंक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक खुले रहेंगे।

वित्त मंत्रालय ने बुधवार को जारी सूचना में बताया कि रविवार को इन बैंकों में सामान्य दिनों की तरह कामकाज किया जाएगा। इसका उद्देश्य लगातार कई दिनों तक बैंकिंग सेवाएं प्रभावित होने की स्थिति में ग्राहकों को सुविधा देना है। बैंक कर्मचारियों के संयुक्त मंच ने 28 से 30 सितंबर तक देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। इससे पहले 26 सितंबर को शनिवार और 27 सितंबर को रविवार होने के कारण सामान्य अवकाश है। ऐसे में हड़ताल और सप्ताहांत की छुट्टियों के कारण बैंकिंग सेवाएं लगातार पांच दिनों तक प्रभावित होने की स्थिति बन रही थी। वित्त मंत्रालय के अनुसार 27 सितंबर को सभी सरकारी बैंक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक सामान्य रूप से काम करेंगे।

**आपत्तिजनक** सलवार उतारने की कोशिश और छाती दबाने को दुष्कर्म के प्रयास से अलग मानने पर आपत्ति; नोटिस जारी

# पटना हाईकोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट का संज्ञान

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने पटना हाईकोर्ट के 9 जुलाई 2026 के उस फैसले पर स्वतः संज्ञान लिया है, जिसमें महिला की सलवार उतारने की कोशिश और उसकी छाती दबाने जैसे कृत्यों को परिस्थितियों के आधार पर दुष्कर्म के प्रयास का अपराध नहीं माना गया था। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के फैसले में कुछ टिप्पणियों को आपत्तिजनक बताया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश को रद्द करने से पहले संबंधित आरोपी का पक्ष सुनना जरूरी है। पीठ ने बिहार के महाधिवक्ता एसडी संजय से आरोपी को स्थानीय पुलिस के माध्यम से नोटिस की तामील सुनिश्चित करने को कहा है। मामला अब शीर्ष अदालत के समक्ष आगे सुना जाएगा।

### पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर भी लिया था संज्ञान

सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक फैसले पर भी स्वत: संज्ञान लिया था। उस मामले में नाबालिग के साथ यौन दुर्व्यवहार से जुड़े कृत्यों को दुष्कर्म या दुष्कर्म के प्रयास के दायरे में नहीं माना गया था। शीर्ष अदालत ने बाद में उस फैसले को रद्द कर दिया था और यौन अपराधों से जुड़े मामलों की सुनवाई में न्यायिक संवेदनशीलता पर जोर दिया था।



### क्या था पटना हाईकोर्ट का फैसला

9 जुलाई को पटना हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के प्रयास के मामले में एक व्यक्ति की दोषसिद्धि रद्द कर दी थी। अदालत ने कहा था कि उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर दुष्कर्म करने की स्पष्ट और निर्णायक मंशा साबित नहीं होती। हाईकोर्ट ने मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 376/511 के तहत हुई सजा को हटाते हुए कृत्य को महिला की लज्जा भंग से संबंधित धारा 354 के दायरे में माना था। मामला बांका जिले के अमरपुर थाना क्षेत्र के वर्ष 2008 के एक प्रकरण से संबंधित है। अभियोजन के अनुसार, महिला अपने पिता के साथ फोटो स्टूडियो गई थी। आरोप था कि स्टूडियो संचालक ने उसके पिता को बाहर भेजकर महिला के साथ आपत्तिजनक व्यवहार किया और दुष्कर्म का प्रयास किया।

### कैंसर की दवाओं की कीमतों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

***नई दिल्ली।*** *जीवनरक्षक और खासकर कैंसर की दवाओं की कीमतों में भारी अंतर को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर चिंता जताई है। मंगलवार को सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने सवाल किया कि जब कोई दवा खुदरा विक्रेता को करीब 2700 रुपये में मिलती है तो मरीज को उसकी अधिकतम खुदरा कीमत 27000 रुपये तक क्यों चुकानी पड़ती है। न्यायमूर्ति मेहता ने इस अंतर को मरीजों के साथ 'दिनदहाड़े डकैती' जैसा बताया।*